# विज्ञापन संख्या सीपीआरआई/07/2024

केन्द्रीय विद्युत अनुसंधान संस्थान (सीपीआरआई) विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त संस्थान है जो विद्युत आपूर्ति प्रणालियों के जनन, पारेषण, वितरण एवं प्रचालन के क्षेत्रों में अनुसंधान एवं विकास में कार्यरत है। सीपीआरआई, गुणता आश्वासन में तथा उत्पाद के विकास में वैद्युत उद्योग की सहायता करने हेतु विद्युत शक्ति इंजीनियरी में अनुप्रयुक्त अनुसंधान प्रारंभ करने तथा समन्वित करने के लिए शीर्ष निकाय के तौर पर कार्यरत है। सीपीआरआई विद्युत उपकरण के परीक्षण एवं प्रमाणीकरण हेतु एक स्वतंत्र प्राधिकरण के तौर पर भी सेवारत है। सीपीआरआई का प्रधान कार्यालय बेगलूर में स्थित है तथा इसके एकक भोपाल, हैदराबाद, नागपुर, नोएडा, कोलकाता, गुवाहाटी एवं नासिक में स्थित है।

सीपीआरआई, बेंगलुरू स्थित प्रधान कार्यालय, सीपीआरआई में निम्नलिखित प्रत्याशित पदों को भरने के लिए आवेदन आमंत्रित करता है।

| पद का नाम | वर्ग | पद की संख्या | वेतन मैट्रिक्स में वेतन स्तर |
|---|---|---|---|
| मुख्य लेखा अधिकारी (सामान्य ग्रेड) | अनारक्षित | 1 | 7वें सीपीसी का स्तर - 12 (रु. 78,800 - 2,09,200) |

**<u>भर्ती की विधि: अल्पकालिक अनुबंध/सीधी भर्ती</u>**

| **अल्पकालिक अनुबंध के लिए पात्रता मानदंड :** |
|---|
| **(ए)** मूल संवर्ग या विभाग में समरूप पद धारण करना।<br><br>**अथवा**<br><br>**(बी)** मूल संवर्ग या विभाग में वेतन मैट्रिक्स के स्तर-11 में पांच वर्षों की सेवा सहित ।<br><br>**(सी)** शैक्षिक योग्यता: बीए/बीएससी/बी.कॉम/बीबीए/बीबीएम में विश्वविद्यालय की डिग्री के साथ एसएएस/सीए/सीएमए/जेएओ की व्यावसायिक योग्यता ।<br><br>**अनुभव** : केन्द्र सरकार/केन्द्रीय स्वायत्त संगठनों/सांविधिक निकायों में वित्त एवं लेखा प्रबंधन, लेखा परीक्षा, बजट, कराधान, जीएफआर आदि के क्षेत्रों में कुल मिलाकर 12 वर्ष के अनुभव सहित कम्प्यूटर, पीएफएमएस, टैली/नवीनतम लेखा पैकेजों में दक्षता ।<br><br>**आयु सीमा** : 53 वर्ष |

अल्पकालिक अनुबंध की अवधि प्रारंभ में 2 वर्ष की होगी जिसे संस्थान की आवश्यकता के आधार पर आपसी सहमति से 1 वर्ष की अवधि के लिए बढ़ाया जा सकता है।

| <u>सीधी भर्ती</u> के लिए पात्रता मानदंड: |
|---|
| **<u>शैक्षिक योग्यता:</u>** बीए/बीएससी/बी.कॉम/बीबीए/बीबीएम में विश्वविद्यालय की डिग्री के साथ एसएएस/सीए/सीएमए/जेएओ की व्यावसायिक योग्यता।<br><br>**<u>अनुभव:</u>**<br>नियमित आधार पर समान पद धारण करना।<br>**(अथवा)**<br>स्तर-11 में न्यूनतम 5 वर्ष के अनुभव के साथ वेतन मैट्रिक्स के स्तर-10 और स्तर-11 में 12 वर्षों का संचित अनुभव । केंद्र सरकार/केंद्रीय स्वायत्त संगठनों/सांविधिक निकायों में वित्त और लेखा प्रबंधन, लेखा परीक्षा, बजट, कराधान, जीएफआर आदि के क्षेत्रों में अनुभव के साथ कंप्यूटर, पीएफएमएस, टैली/नवीनतम लेखा पैकेज में दक्षता।<br><br>**आयु सीमा** : 53 वर्ष . |

| **मुख्य लेखा अधिकारी (सा. ग्रेड) का संक्षिप्त कार्य विवरण** |
|---|
| सोसायटी के वार्षिक बजट और बैलेंस शीट की तैयारी में महानिदेशक की सहायता करना, सरकार द्वारा निर्धारित सभी खातों का सही अनुरक्षण करना, वस्तुओं और सेवाओं की उपलब्धी के लिए उपयुक्त प्रक्रिया विकसित करना, सोसायटी द्वारा किए गए सभी खर्चों की शुद्धता और औचित्य सुनिश्चित करना। महानिदेशक को नकदी प्रबंधन, लागत नियंत्रण, टैरिफ निर्धारण, प्राप्तियों के संग्रहण तथा सही वित्तीय एवं लेखा प्रक्रियाओं के अनुपालन जैसे क्षेत्रों में सहायता प्रदान करना। महानिदेशक द्वारा समय-समय पर सौंपे गए अन्य कार्य। |

सीपीआरआई को प्रशासनिक कारणों से किसी भी या सभी आवेदकों के आवेदन को अस्वीकार करने या किसी भी स्तर पर चयन प्रक्रिया को रद्द करने का अधिकार है।

पात्र और इच्छुक उम्मीदवारों का बायोडेटा सीपीआरआई की वेबसाइट **<u>https://cpri.res.in/</u>** पर उपलब्ध **आवेदन प्रारूप** के अनुसार निम्नलिखित दस्तावेजों/प्रमाणपत्रों के साथ भेजा जा सकता है:

1. प्रासंगिक शैक्षणिक योग्यता (मैट्रिकुलेशन/एसएससी, डिग्री प्रमाण पत्र, मार्कशीट आदि) और अनुभव प्रमाण पत्र की स्व-सत्यापित प्रतियां।
2. संबंधित वर्तमान नियोक्ता से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) और सतर्कता स्वच्छता प्रमाणपत्र।
3. अनुभव प्रमाणपत्र - जिसमें स्पष्ट रूप से सेवा की अवधि (तारीख, महीना और वर्ष) के साथ-साथ मूल वेतन, ग्रेड पे/पे मैट्रिक्स स्तर का उल्लेख हो। प्रमाणपत्र में पदों पर किए गए कर्तव्यों का विवरण/प्राप्त अनुभव और उसकी अवधि भी उल्लिखित होनी चाहिए।

उचित माध्यम से आवेदन अग्रेषित करते समय, कृपया यह सुनिश्चित करें कि उम्मीदवारों के विवरण सत्यापित किए गए हैं और वे पात्रता की शर्तों को पूरा करते हैं।

सरकार का प्रयास है कि ऐसे कार्यबल हों जो लैंगिक संतुलन को प्रतिबिंबित करें और महिला उम्मीदवारों को आवेदन करने के लिए प्रोत्साहित किया जाए।

सभी दस्तावेजों के साथ पूरा आवेदन पत्र डाक द्वारा नीचे दिए गए कार्यालय पते पर भेजा जाना चाहिए, जिस पर ***"मुख्य लेखा अधिकारी (सा ग्रेड) के पद के लिए आवेदन"*** लिखा होना चाहिए। आवेदन पत्र नीचे दिए गए कार्यालय पते पर **25.11.2024** तक अवश्य पहुँच जाना चाहिए। अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदनों पर, बिना किसी अपेक्षित दस्तावेज के, या निर्धारित प्रारूप में न होने पर विचार नहीं किया जाएगा।

कार्यालय का पता:

**मुख्य प्रशासनिक अधिकारी**
**केंद्रीय विद्युत अनुसंधान संस्थान,**
**प्रो. सर सी.वी. रामन रोड,**
**पोस्ट बॉक्स सं : 8066, सदाशिवनगर (डाक घर),**
**बेंगलूरु - 560080**

***************